

हंगामे के चलते दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



कानपुर के समीप जनसाधारण एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त, 2 बोगी पटरी से उतरी, कोई हताहत नहीं, रेल यातायात रुका

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक -220 | रायपुर | शनिवार 02 अगस्त 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


### 1 नवंबर को 'अमृत रजत महोत्सव' : छत्तीसगढ़ के विकास को मिली नई रफ्तार

# पीएम मोदी से मिले मुख्यमंत्री साय, अमृत रजत महोत्सव का दिया न्योता

रायपुर/नई दिल्ली, संवाददाता।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 1 नवंबर 2025 को रायपुर में आयोजित अमृत रजत महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार की भावी योजनाओं, विकास की प्राथमिकताओं और जनकल्याण से जुड़े प्रमुख विषयों की जानकारी भी दी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में राज्य गठन की 25वीं वर्षगांठ अमृत रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक होगा और प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति से इसकी महत्ता और भी बढ़ जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ तेज़ी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने



मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री को राज्य में औद्योगिक निवेश और रोज़गार सृजन के क्षेत्र में हो रही उल्लेखनीय प्रगति की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में लागू की गई नई औद्योगिक नीति 2024-30 के परिणामस्वरूप राज्य में निवेशकों की रुचि निरंतर बढ़ रही है। नीति के तहत सिंगल विंडो सिस्टम को लागू किया गया है, जिससे उद्योगों की स्थापना सरल, त्वरित और पारदर्शी बनी है। 1000 से अधिक व्यक्तियों को रोज़गार प्रदान करने वाले उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।

'अंजोर विज़न @2047' दस्तावेज़ तैयार किया है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ के समावेशी और सतत विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। यह विज़न दस्तावेज़ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, नवाचार और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में सुधार और नवाचार-आधारित पहलों पर केंद्रित है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र सरकार के जन विश्वास अधिनियम 2023 से प्रेरणा लेते हुए राज्य में ÷जन विश्वास विधेयक 2025 पारित किया है, जिससे न्याय प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ी है और आम नागरिकों की पहुंच अधिक सुलभ एवं सहज बनी है।

राजधानी नवा रायपुर के सुनियोजित और तीव्र विकास हेतु गठित छत्तीसगढ़ राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की जानकारी भी मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से साझा की। उन्होंने बताया कि इस प्राधिकरण के माध्यम से राजधानी क्षेत्र को एक आधुनिक, स्मार्ट एवं तेज़ी से विकसित शहरी केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि नवंबर 2024 से जुलाई 2025 के बीच अब तक 84 कंपनियों से कुल 6.65 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नवा रायपुर में देश की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट की नींव रखी जा चुकी है, और एआई डेटा सेंटर का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया है। इसी प्रकार, टेक्सटाइल, फ र्मा, रेडीमेड गारमेंट और आईटी सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए छत्तीसगढ़ को तकनीकी और औद्योगिक हब के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितंबर को होगा, चुनाव कार्यक्रम जारी किया

**नईदिल्ली** । चुनाव आयोग ने भारत के उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर की तारीख तय की है। इस संबंध में आयोग ने शुक्रवार को चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग ने बताया कि चुनाव के संबंध में लगभग तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अंतिम तैयारियां एक महीने में हो जाएंगी। आयोग अधिसूचना 7 अगस्त को जारी करेगा और नामांकन करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त, 2025 होगी। नामांकन की जांच 22 अगस्त को होगी।

आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक, चुनाव के लिए नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 25 अगस्त है। इसके बाद 9 सितंबर को चुनाव कराया जाएगा। आयोग ने बताया कि 9 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा और आवश्यक होगा तो उसी दिन गणना कर देर रात तक परिणाम की घोषणा की जाएगी। बता दें कि चुनाव आयोग ने पर्यवेक्षक का कार्य पूरी कर लिया है।

उपराष्ट्रपति का पद जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के बाद खाली हुआ है। उन्होंने मानसून सत्र शुरू होने के एक दिन बाद अचानक 22 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रात साढ़े 9 बजे अपना इस्तीफा सौंपा था। उन्होंने अपने इस्तीफे के पीछे स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है, जबकि विपक्ष ने केंद्र सरकार और उनके बीच टकराव को मुख्य कारण बताया है। अभी तक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और इंडिया गठबंधन ने उम्मीदवार तय नहीं किया है।

### लोकसभा की कार्यवाही के बीच विपक्षी हंगामा जारी



**नई दिल्ली**, संसद के मॉनसून सत्र 2025 की कार्यवाही का आज शुक्रवार को 10वां दिन है. आज लोकसभा में कार्यवाही केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2024 को आगे विचार और पारित करने के लिए पेश करने के साथ शुरू होगी. यह बिल अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों की प्रभावी लोकतांत्रिक भागीदारी के लिए संविधान के अनुच्छेद 332 के अनुसार सीटों के आरक्षण को सक्षम करने और गोवा राज्य की विधान सभा में सीटों के पुन: समायोजन का प्रावधान करने के लिए पेश किया जाएगा. हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही दोपहर तक के लिये स्थगित कर दी गई.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर भाषण के लिए लोगों से मांगा सुझाव

एजेंसी



नईदिल्ली,। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर लाल किले से ऐतिहासिक भाषण देने के लिए लोगों से सुझाव मांगा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, जैसे-जैसे हम इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस के करीब पहुंच रहे हैं, मैं अपने साथी भारतीयों से सुनने के लिए उत्सुक हूं! इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस भाषण में आप किन विषयों या विचारों को प्रतिबिंबित होते देखना चाहेंगे? मायजिओ और नमो ऐप पर ओपन फोरम पर अपने विचार साझा करें।

नमो ऐप पर लोगों ने शुक्रवार से अपने विचार साझा करना शुरू कर दिए हैं। इसमें लिखा है, आपके विचार प्रधानमंत्री मोदी के स्वतंत्रता दिवस भाषण का हिस्सा हो सकते हैं, इन्हें अभी साझा करें! दोनों वेबसाइट में देखने पर पता चलता है कि लोग कई मुद्दों पर अपने विचार दे रहे हैं और उस पर प्रधानमंत्री मोदी से भाषण में कुछ सुनना चाहते हैं। अभी तक सैकड़ों लोगों ने अपने विचार साझा कर दिए हैं।

## अमित शाह को सीएम साय ने नक्सल उन्मूलन अभियानों व उपलब्धियों की दी जानकारी

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले मुख्यमंत्री साय

नई दिल्ली,।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज संसद भवन में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, माओवादी चुनौती से निपटने की रणनीति सहित विभिन्न विषयों पर केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय गृह मंत्री को माओवादी विरोधी अभियानों की उपलब्धि एवं भविष्य की कार्ययोजना से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में माओवादी गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में पिछले डेढ़ वर्षों में उल्लेखनीय सफलता मिली है।



दिसंबर 2023 से अब तक 33 बड़ी मुठभेड़ों में शीर्ष माओवादी नेताओं सहित 445 माओवादी न्यूट्रलाइज़ किए गए हैं। वहीं, 1554 माओवादी गिरफ्तार किए गए हैं, एवं 1588 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

उन्होंने कहा राज्य सरकार की समन्वित विकास और सुरक्षा नीति के तहत माओवादी प्रभाव को पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिशा में सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। इन प्रयासों से न केवल माओवादी प्रभाव कम हुआ है, बल्कि स्थानीय समुदायों में प्रशासन के प्रति भरोसा भी बढ़ा है।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार की माओवाद उन्मूलन हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने माओवादी उन्मूलन के लिए राज्य सरकार के प्रयासों को ऐतिहासिक बताया और केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का वादा किया।

बैठक में छत्तीसगढ़ के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले अमृत रजत महोत्सव 2025 की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि इस आयोजन को भव्य और यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता, और आर्थिक उपलब्धियों को दुनिया के सामने प्रदर्शित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने बस्तर के विकास और सुरक्षा में सहयोग और मार्गदर्शन पर श्री शाह को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का ऐलान, झुग्गी-बस्ती वालों को घर दिए बिना नहीं चलेगा बुलडोजर

**नईदिल्ली**, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में जब तक झुग्गी-बस्ती वालों को रहने के लिए उचित स्थान नहीं मिल जाता, तब तक बुलडोजर की कार्रवाई नहीं होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, गुप्ता ने गारंटी दी कि किसी भी तरह के ध्वस्तीकरण से पहले पीड़ितों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने झुग्गी विकास के लिए 700 करोड़ रुपये बजट आवंटित करने की बात कही है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली को काम से बदलना होगा, यहां राजनीति करने वालों की कोई जगह नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधा और कहा कि जब इनका कार्यकाल था, तब कुछ नहीं किया गया और अब राजनीति कर रहे हैं।

## भागवत को फंसाने का था आदेश : मालेगांव ब्लास्ट केस में पूर्व एटीएस अफसर का सनसनीखेज खुलासा

एजेंसी। मुंबई।



साल 2008 के मालेगांव बम धमाका मामले में साध्वी प्रज्ञा और कर्नल पुरोहित समेत सभी 7 आरोपियों के बरी होने के ठीक एक दिन बाद, महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते के एक पूर्व अधिकारी ने सनसनीखेज खुलासा किया है। धमाके की शुरुआती जांच करने वाली टीम का हिस्सा रहे रिटायर्ड इंस्पेक्टर महबूब मुजावर ने दावा किया है कि उन पर तत्कालीन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा RSS के प्रमुख मोहन भागवत को इस केस में फंसाने का दबाव बनाया गया था, ताकि भगवा आतंकवाद की थ्योरी को गढ़ा जा सके। गुरुवार को NIA की स्पेशल कोर्ट द्वारा सभी आरोपियों को बरी किए जाने के बाद महबूब मुजावर ने एक के बाद एक कई चौंकाने वाले दावे किए। उन्होंने कहा, भगवा आतंकवाद की पूरी संकल्पना एक झूठ थी। मुझे इस केस में इसलिए शामिल किया गया था ताकि इसे साबित किया जा सके। मुझे सीधे तौर पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को फंसाने के निर्देश दिए गए थे। मुजावर ने आरोप लगाया कि ये आदेश तत्कालीन मालेगांव धमाके के प्रमुख जांच अधिकारी परमबीर सिंह और उनके ऊपर के अधिकारियों ने दिए थे। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सरकार और एजेंसियों का मकसद मोहन भागवत और अन्य निर्दोष लोगों को इस मामले में फंसाना था। पूर्व अधिकारी ने एक और गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि जिन संदिग्धों, संदीप डांगे और रामजी कलसंगरा, की मौत हो चुकी थी, उन्हें चार्जशीट में जानबूझकर जिंदा दिखाया गया। मुजावर ने कहा, मुझे आदेश दिया गया कि उनकी लोकेशन ट्रेस करो, जबकि वो मर चुके थे।

**विश्व** | **सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी कटहल**

## राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार : शाहरुख और विक्रांत मैसी बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

नईदिल्ली

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों को लेकर सिनेमा प्रेमियों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। हमेशा की तरह इस बार भी कई फिल्मों और सितारों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा जाएगा। अब आखिरकार 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा हो गई है। दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार का पुरस्कार से नवाजा जाएगा। सम्मान पाने वालों के नामों की पूरी सूची जारी हो गई है।




अभिनेता शाहरुख खान ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया है। उन्हें उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान के लिए यह पुरस्कार मिला है, जो 7 सितंबर, 2023 को रिलीज हुई थी। खास बात यह है कि 33 साल के लंबे करियर में यह शाहरुख का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। इतना ही नहीं, शाहरुख के अलावा विक्रांत मैसी को उनकी सुपरहिट फिल्म 12वीं फेल(2023) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है।

कटहल को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार मिला है। इस फिल्म में सान्या मल्होत्रा, राजपाल यादव, नेहा सराफ और विजय राज जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन यशोवर्धन मिश्रा ने किया है, वहीं एकता कपूर फिल्म की निर्माता हैं। यह फिल्म 19 मई, 2023 को रिलीज हुई थी और इसकी कहानी लोगों को खूब पसंद आई। बता दें कि फिल्म कटहल को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

अभिनेत्री रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार देने का ऐलान किया गया है। इस फिल्म की कहानी सागरिका भट्टाचार्य की है, जिन्होंने अपने बच्चों को नॉर्वे प्रशासन के नियंत्रण से छुड़ाने के लिए संघर्ष किया।

# भारत नहीं खरीदेगा अमेरिका से स्टील्थ एफ-35 लड़ाकू विमान

एजेंसी नईदिल्ली, ।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद भारत विकल्पों की तलाश में जुट गया है। इस बीच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिसमें कहा गया है कि भारत अब अमेरिका से रक्षा उपकरण खरीदने को लेकर विचार करेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने अमेरिका को सूचित किया है कि वह एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान खरीदने का इच्छुक नहीं है। हालांकि, इस पर आधिकारिक बयान नहीं आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, नरेंद्र मोदी की सरकार घरेलू स्तर पर रक्षा उपकरणों के संयुक्त डिजाइन और विनिर्माण पर केंद्रित साझेदारी में अधिक रुचि दिखा रही है, जो टैरिफ मामले में भारत की नाराजगी का पक्ष मजबूत करेगा। इसके अलावा भारत व्हाइट हाउस को शांत करने के लिए भी विकल्पों पर विचार कर रहा है, जिसमें अमेरिकी आयात को बढ़ावा देना भी शामिल है। हालांकि, भारत ने 25 प्रतिशत टैरिफ की कार्रवाई पर तत्काल जवाबी कार्रवाई से इनकार कर दिया है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत अब अमेरिका से रक्षा खरीद की योजना पर फिलहाल काम नहीं करेगा। भारत अमेरिका को शांत करने के लिए प्राकृतिक गैस की खरीद बढ़ाने, संचार उपकरणों और सोने का आयात बढ़ाने पर विचार कर रहा है। खरीद बढ़ाने से अगले 3 से 4 साल में अमेरिका के साथ भारत के व्यापार अधिशेष को कम किया जा सकता है। भारत अमेरिका से अच्छे द्विपक्षीय संबंध चाहता है। ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाते हुए कहा कि भारत के टैरिफ दुनिया में सबसे अधिक हैं और इससे वह सहमत नहीं हैं। इसके अलावा उन्होंने रूस से तेल और हथियार खरीद पर भी नाराजगी जताई, जिसको उन्होंने यूक्रेन युद्ध बढ़ाने के लिए एक तरह से वित्तपोषण बताया। बुधवार को उन्होंने यहां तक कह दिया कि रूस और भारत क्या करते हैं, उससे उनको कोई मतलब नहीं है और उन्होंने दोनों देशों को मरी हुई अर्थव्यवस्था बताया है।




### अमेरिकी टैरिफ पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं देगा भारत, बढ़ा सकता है आयात

एजेंसी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक चौंकाने वाले कदम के तहत भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। पहले ये 1 अगस्त से लागू होना था, जो अब 7 अगस्त से होगा। इस ऐलान के बाद से ही भारत के जवाबी कदम को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, कहा जा रहा है कि भारत तत्काल कोई भी प्रतिक्रिया नहीं देने पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने मामले से परिचित लोगों के हवाले से बताया कि भारत व्हाइट हाउस को संतुष्ट करने के लिए विकल्पों पर विचार कर रहा है। इनमें अमेरिकी आयात को बढ़ावा देना भी शामिल है। हालांकि, भारत ट्रंप की 25 प्रतिशत टैरिफ की धमकी पर तत्काल जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा। अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्विपक्षीय व्यापार वार्ता को पटरी पर लाने की इच्छुक है और अपने सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार अमेरिका से खरीदारी बढ़ाने के तरीके तलाश रही है।

## विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी टैरिफ और भारत-रूस संबंधों पर भी दिया जवाब

नईदिल्ली, ।

विदेश मंत्रालय ने अपनी साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पाकिस्तान के साथ तेल समझौते, यमन में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया, भारत-अमेरिका रक्षा संबंध और भारत-रूस संबंध समेत तमाम मुद्दों पर कई जानकारियां दीं। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिकी टैरिफ के मामले पर कहा कि भारत सरकार ने इस संबंध में पहले जो बयान जारी किया था, हम उसी पर कायम है।

मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ को लेकर बयान पहले ही जारी हो चुका है और उसे देखा जाना चाहिए। पहले भारत ने कहा था, सरकार किसानों, उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के कल्याण और हितों को सर्वोच्च महत्व देती है। राष्ट्रहित में सरकार सभी आवश्यक कदम उठाएगी। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि एक दिन भारत पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है। इस पर मंत्रालय ने किसी तरह की टिप्पणी से इनकार कर दिया है। रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत-अमेरिका के बीच साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर आधारित व्यापक रणनीतिक साझेदारी है। इसने कई बदलावों और चुनौतियों का सामना किया है। हम उस ठोस एजेंडे पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसके लिए भारत और अमेरिका प्रतिबद्ध हैं। हमें पूरा भरोसा है कि अमेरिका के साथ हमारे संबंध आगे बढ़ते रहेंगे। अमेरिका के साथ हमारे मजबूत रक्षा संबंध हैं, जो पिछले कई वर्षों से और मजबूत हो रहे हैं।

# रजिस्ट्रेशन में अड़चन, किसानों को धान बेचने में आ रही परेशानी, जनदर्शन में किसानों ने लगाई गुहार

संवाददाता

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 107 आवेदन प्राप्त हुए।

भिलाई पार्षद वार्ड-03 निवासी ने पुराने विद्युत पोल को बदलने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि भिलाई माडल टाऊन वार्ड-03 की श्रमिक बाहुल्य बस्तियाँ में 30 साल पुराने, जर्जर व झुके हुए बिजली के खंभों में दरारें, तारों का जाल और झुकाव बच्चों व राहगीरों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास और सड़क निर्माण के बाद खंभों की ऊँचाई कम हो गई है, जिससे तार और ज्यादा नीचे लटकने लगे हैं।स्थानीय नागरिकों ने इस संबंध में विद्युत विभाग को भी आवेदन दिया गया है। उन्होंने पुराने खंभों को हटाकर ऊँचे लोहे के खंभे लगाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्ड क्रमांक 54, पोटियाकला के किसानों ने एग्रीस्टेक कृषक रजिस्ट्रेशन में तकनीकी समस्या के चलते किसान पंजीयन नही होने की शिकायत की। किसानों ने बताया कि प्रक्रिया में तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रजिस्ट्रेशन के दौरान खसरा नंबर नहीं दिखने की समस्या के कारण



पंजीयन अधूरा रह जाता है। इस वजह से किसान सोसायटी में धान पंजीयन और बिक्री नहीं कर पा रहे हैं। मजबूरन उन्हें फसल बिचौलियों को कम दाम में बेचनी पड़ रही है, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने भू-अभिलेख को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

बघेरा-कोटनी के किसानों ने बताया कि बघेरा रेलवे फाटक से कोटनी मार्ग तक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई नवीन नाली अधूरी व गलत लेवल पर बनी है, जिससे पानी निकासी रुक गई है। पहले कच्ची नाली से पानी निकल जाता था, लेकिन अब नाली खेत से ऊँची बन गई है, जिससे खेतों में पानी भरकर फसलें डूब रही हैं।

करीब 100 एकड़ क्षेत्र की फसलें जलभराव से खराब हो चुकी हैं, जिससे बघेरा, कोटनी और मोहलाई खार के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने मांग की है कि नाली का लेवल ठीक कर, उसे एसटीएफ बाईपास छोर व शनि मंदिर सरार तक पूरा किया जाए ताकि खेतों से पानी निकासी हो सके। इस पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जनदर्शन में नगर निगम दुर्ग, रिसाली, भिलाई, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# युक्तियुक्तकरण से छात्रों को मिले विषय विशेषज्ञ शिक्षक

## बच्चों में बढ़ रहा है शिक्षा का स्तर

**दुर्ग ।** राज्य शासन द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की पहल अब ग्रामीण शिक्षा में नई क्रांति ला रही है। जिले के धमधा ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेमरी में इस प्रक्रिया के तहत जीवविज्ञान विषय के नए शिक्षक की पदस्थापना की गई है, जिससे विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिल रही है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेमरी में पढ़ने वाले कक्षा 11वीं के छात्र सोमनाथ निषाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताते हैं, ÷पहले हमारे स्कूल में जीव विज्ञान के लिए कोई अलग से शिक्षक नहीं थे। हमें जीव विज्ञान या तो सीनियर छात्र समझाते थे या फिर दूसरे विषयों के शिक्षक समझा दिया करते थे, जिसकी वजह से विषय समझना पहाड़ तोड़ने जैसा लगता था।÷ युक्तियुक्तकरण से अब हमें विषय विशेषज्ञ शिक्षक मिल गए हैं और अब विषय आसान लग रहा है। अब हमें विज्ञान के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ता। इस बदलाव के लिए हम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का दिल से धन्यवाद करते हैं।÷ विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के बाद विद्यालय में शिक्षण कार्य में अभूतपूर्व सुधार आया है। अब प्रत्येक विषय के लिए योग्य और प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हैं, जिससे छात्रों को पढ़ाई में सही दिशा और मार्गदर्शन मिल रहा है। कक्षा 11वीं के छात्रों को अध्यापन हेतु विषय-विशेषज्ञ शिक्षक के रूप में श्रीमती दीप्ति मालवीय मैडम ने विद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया है, जिससे बच्चों को विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषय में विशेष एवं गहन मार्गदर्शन मिल रहा है।

# 'राधे-राधे' कहने पर नर्सरी की छात्रा को पीटा, मुंह पर टेप चिपकाया, प्रिंसिपल गिरफ्तार

दुर्ग (संवाददाता)। शहर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक नर्सरी कक्षा की साढ़े तीन साल की बच्ची को गुड मॉर्निंग की जगह ÷राधे-राधे÷ कहने पर स्कूल प्रिंसिपल ने बेरहमी से पीट दिया। यही नहीं, बच्ची के मुंह पर टेप चिपका दी गई। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने स्कूल की प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर लिया है।



घटना नंदिनी नगर थाना क्षेत्र के बागडुमर इलाके में स्थित मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल की है। बच्ची के पिता प्रवीण यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार को जब उनकी बेटी स्कूल से लौटी, तो काफी डरी और रोती हुई थी। पूछने पर उसने बताया कि प्राचार्य ईला ईवन कोल्विन ने उसे सिर्फ इसलिए पीटा क्योंकि उसने स्कूल पहुंचकर ÷गुड मॉर्निंग÷ की जगह ÷राधे-राधे÷ कहा था।

शरीर पर चोट के निशान, मुंह पर टेप

परिजनों ने बताया कि बच्ची की कलाई पर डंडे से मारने के निशान थे और मुंह पर टेप चिपकाई गई थी, जिससे बच्ची मानसिक रूप से भी सहमी हुई है। उन्होंने जब स्कूल में फोन कर जानकारी मांगी, तो स्कूल प्रशासन ने बेबुनियाद जवाब देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।

पुलिस ने तुरंत की कार्रवाई

मामला तूल पकड़ते देख पुलिस ने आईपीसी और किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत मामला दर्ज किया और प्रिंसिपल ईला ईवन कोल्विन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बच्ची के शरीर पर चोटों के स्पष्ट निशान हैं, और जांच में स्कूल की लापरवाही सामने आई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

सामाजिक आक्रोश, स्कूल प्रबंधन पर सवाल

इस घटना से शहर में आक्रोश की लहर है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने स्कूल प्रशासन पर सवाल उठाए हैं और इस अमानवीय व्यवहार के लिए सख्त सजा की मांग की है। कई सामाजिक संगठनों ने मामले की न्यायिक जांच और स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग की है।

एक मासूम बच्ची को सिर्फ 'राधे-राधे' कहने पर इस कदर प्रताड़ित करना न केवल शिक्षा व्यवस्था की विफलता है, बल्कि यह धार्मिक स्वतंत्रता और बच्चों के अधिकारों पर सीधा हमला भी है।

जिला प्रशासन ने कहा है कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और स्कूल की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

# नर्सरी प्रबंधन पर कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा में प्रशिक्षण संपन्न

**दुर्ग (एजेंसी)।** जिले के लिये कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ) दुर्ग में नर्सरी प्रबंधन पर 29-31 तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला दुर्ग के साथ-साथ बेरला, बेमेतरा, बालोद, रायपुर के भी ग्रामीण युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेश विस्तार सेवायें डॉ. एस.एस. टूटेजा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नर्सरी व्यवसाय कैसे स्थापित किया जाय, पौधों को तैयार करने की विभिन्न तकनीक जैसे कटिंग, गुंटी, बडिंग, ग्राफ्टिंग, नर्सरी पौधों को कीट बीमारियों से रोकथाम, प्रो ट्रे में पौधे तैयार करना जैसी तकनीकों का जीवंत एवं प्रायोगिक प्रदर्शन करके सिखाया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. विजय जैन, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. कमल नारायण वर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यानिकी) ने पूर्ण प्रायोगिक जानकारी प्रदान की साथ ही डॉ. ईश्वरी कुमार, डॉ. विनय कुमार नायक, डॉ. मनीष कुमार वर्मा, श्रीमती सृष्टि तिवारी, कु. हर्षना चन्द्राकर ने भी तकनीकी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उद्यानिकी विभाग अटारी पाटन, दुर्ग नर्सरी के अंकेश साहू द्वारा नर्सरी व्यवसाय के लिये शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। सभी प्रशिक्षणार्थीयों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

# ग्राम मुरमुंदा में हुआ विशेष शिविर : नये 116 आवेदन हुए प्राप्त, 40 का निराकरण

**दुर्ग (संवाददाता)।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत धमधा विकासखण्ड के ग्राम मुरमुंदा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में क्लस्टर स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस शिविर के माध्यम से पूर्व में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। साथ ही नए आवेदन भी प्राप्त हुए। इस दौरान आज कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 40 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष 76 आवेदन लंबित हैं।

इससे पूर्व 20 मई 2025 को आयोजित सुशासन तिहार में कुल 2630 आवेदन प्राप्त हुए थे, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थे। इनमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सर्वाधिक 1964 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को 140, ऊर्जा विभाग को 83, महिला एवं बाल विकास विभाग को 123, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 136, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 45, परिवहन विभाग को 27, श्रम विभाग को 35, स्कूल शिक्षा विभाग को 23, कृषि विभाग को 7, जल संसाधन



विभाग को 8 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों की जानकारी देते हुए उनके शत-प्रतिशत निराकरण के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम की स्वच्छता व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान देने वाली स्वच्छताग्राही दीदियों को 'स्वच्छता कीट' प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, धमधा जनपद पंचायत अध्यक्ष लिमन साहू, ग्राम सरपंच पुष्पा परमानंद साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सब्जी उत्पादन से बदली किस्मत, लखपति बनीं आमटी गांव की केतकी दीदी

दुर्ग (संवाददाता)।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ÷बिहान÷ के माध्यम से आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी केतकी बाई पटेल आज ÷लखपति दीदी÷ के नाम से जानी जाती हैं। जनपद पंचायत दुर्ग के आमटी ग्राम की निवासी और प्रगति महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष केतकी दीदी ने सब्जी उत्पादन और विक्रय से अपनी मेहनत और निश्चय के बल पर आर्थिक समृद्धि हासिल की है। शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा, फिर समूह से उनको सहारा मिला। समूह से जुड़ने से पहले दीदी के पास संसाधनों की कमी थी।



सब्जी उत्पादन की इच्छा होते हुए भी आर्थिक तंगी के कारण वे इसे बड़े स्तर पर नहीं कर पा रही थीं। जब उन्हें बिहान योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने स्वयं पहल कर महिला साथियों के साथ स्व-सहायता समूह का गठन किया। छोटी-छोटी बचत करके अपने समूह को सशक्त बनाई। उसके उपरांत उन्होंने बैंक लिंकेज के माध्यम से 30 हजार का लोन लिया और सब्जी उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया। बिहान योजना से सामुदायिक निवेश कोष से 20 हजार का लोन प्राप्त कर अपना व्यवसाय को आगे बढ़ाया।

केतकी दीदी ने एक एकड़ निजी भूमि में सब्जी उत्पादन शुरू किया और धीरे-धीरे आधुनिक तकनीक अपनाते हुए, जैसे कि मचान विधि, उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों बढ़ाई। आज उनके खेत में भिंडी, बरबटी, करेला, मक्का, बैगन, भाजी जैसी कई मौसमी सब्जियां उगाई जाती हैं। वे सप्ताह में चार दिन बाजार में विक्रय कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही है। दो दिन निकुम बाजार और दो दिन आलबरस बाजार में सब्जियों की बिक्री करती हैं। उनकी दैनिक बिक्री लगभग 3500 रूपए तक होती है, जिससे सप्ताह में लगभग 14 हजार रूपए और महीने में 32 हजार रूपए तक की शुद्ध आय होती है। वार्षिक रूप से वे करीब 3.5 लाख रूपए की आमदनी कर रही हैं। आमदनी बढ़ने के साथ ही केतकी दीदी ने स्वयं का पक्का मकान बनवाया, पावर डीलर मशीन खरीदी और अब उन्होंने पांच एकड़ अतिरिक्त भूमि भी अर्जित कर ली है, जिसमें वे धान की खेती करती हैं। आज केतकी दीदी अपने मेहनत के दम पर उत्कृष्ट लखपति बनी है और सब्जी उत्पादन के कार्यों से अपनी एक नई पहचान बना रही है।

# संभाग आयुक्त राठौर ने किया केन्द्रीय जेल दुर्ग का औचक निरीक्षण

**दुर्ग।** दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने आज केन्द्रीय जेल दुर्ग का औचक निरीक्षण कर जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से चर्चा कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी और एसडीएम दुर्ग शहर उत्तम ध्रुव भी साथ मौजूद थे। संभाग आयुक्त राठौर ने जेल परिसर अंदर जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के लिए संचालित सिलाई केन्द्र, प्रिंटिंग प्रेस कक्ष, फोल्डर बाइंडिंग कक्ष, कारपेन्टर कक्ष, वेल्डिंग कक्ष, हैण्डलुम कक्ष का अवलोकन किया।




जेल अधीक्षक मनीष शांभकर ने अवगत कराया कि जेल में आने वाले बंदी जो उक्त कार्यों में रूचि रखते है, उन्हें रोटेशन अनुसार कार्य करने का अवसर दिया जाता है। बंदियों द्वारा निर्मित सामग्रियों को जेल प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यालयों में मांग के अनुसार आपूर्ति की जाती है। संभाग आयुक्त राठौर ने निरीक्षण के दौरान परिसर स्थित जेल अस्पताल का भी अवलोकन किया और भर्ती मरीजों के बीमारी एवं उपचार आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बंदियों द्वारा संचालित कम्प्यूटर कक्ष तथा जेल परिसर स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष, कार्यालय जेल अधीक्षक व नियंत्रण कक्ष का अवलोकन कर जेल में बंदियों की निगरानी की जानकारी ली। संभाग आयुक्त ने सामान्य बंदी बैरक का भी अवलोकन किया और बंदियों से पेयजल एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में रू-ब-रू चर्चा कर जानकारी ली। ज्ञात हो कि वर्तमान में केन्द्रीय जेल दुर्ग में विभिन्न सजा व्याप्त 1069 बंदी है।

# भारत सरकार द्वारा गठित दल जिले के उर्वरक प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता

भारत सरकार द्वारा गठित संयुक्त केन्द्रीय निरीक्षण दल के सदस्य पी.जी. मिथानडोई, अवर सचिव, उर्वरक एवं रसायन, मंत्रालय, नई दिल्ली कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अजय कुमार, उप संचालक, केन्द्रीय उर्वरक गुण नियंत्रण एवं प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद द्वारा उप संचालक कृषि संदीप कुमार भोई, संचालनालय कृषि के प्रतिनिधि डॉ. सुमित सोरी तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक, दुर्ग की उपस्थिति में जिले के 03 विक्रय प्रतिष्ठानों का विगत 24 जुलाई 2025 को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोई भी गंभीर अनियमितताएं नहीं पायी गई।



निरीक्षण करते हुये विक्रय प्रतिष्ठान क्रमशः ग्रीन फील्ड, गंजपारा, दुर्ग से जिंक सल्फेट के 01 नमूना, अग्रवाल कमर्शियल दुर्ग से सिंगल सुपर फॉस्फेट के 02 नमूने तथा सुन्दरम एग्रोटेक, नया गंज मण्डी धमधा रोड, दुर्ग से बोरान 20ः के 01 नमूना लिया जाकर तत्काल केन्द्रीय प्रयोगशाला, फरीदाबाद भेजा गया। वहीं उक्त प्रतिष्ठानों को उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधान का पालन करते हुए उर्वरक व्यवसाय किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही उर्वरकों के थोक स्कंध का फुटकर स्कंध में पीओएस मशीन के माध्यम से त्वरित एक्नॉलेजमेंट कर पीओएस मशीन से ही भारत सरकार की डीबीटी इन फर्टिलाइजर के निर्देश का पालन करते हुये शत-प्रतिशत वितरण कराने के निर्देश दिये गये।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत साइबर सुरक्षा पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**संवाददाता।** महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी आर. के. जाम्बुलकर एवं अजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत आदिम जाति कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केंद्र (विज्ञान विकास केंद्र) में साइबर सुरक्षा, जागरूकता एवं व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, ऑनलाईन फ्रॉड और सोशल मीडिया की सावधानी के विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस विभाग से डॉ. संकल्प राय (SI) नोडल अधिकारी साइबर सेल, दुर्ग द्वारा छात्राओं को ऑनलाइन सुरक्षा स्ट्रांग पासवर्ड बनाने, द्वि-खाते की उपयोगिता, बायोमैट्रिक पासवर्ड, मोबाईल सॉफ्टवेयर को समय-समय पर अपडेट करने के फायदे, साइबर बुलिंग, साइबर फिशिंग, हनी ट्रैप, डिजिटल अरेस्ट, मैट्रीमोनियल वेबसाइट, डेटिंग एप्स जिसमें युवा पीढ़ी को से प्रेम प्रसंग के माध्यम से आर्थिक क्षति पहुंचाई जाती है, के बारे में विस्तार से बताया। मार्फिंग स्कैम जिसमें आसानी से किसी व्यक्ति के चेहरे को दूसरे व्यक्ति शरीर में फिट किया जा सकता है एवं म्यूल एकाउंट जैसे साइबर क्राइम से छात्राओं को सतर्क किया। साईबर क्राईम से संबंधित विभिन्न वेबसाइट stopncii.org.cybercrime.gov.in, सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई।



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छात्राओं को विभागीय जानकारी दी गई। इस कार्यकम में साइबर सेक्युरिटी एक्सपर्ट आरिफएच. खान , विज्ञान विकास केंद्र की प्रमुख उर्मिला ओझा, महिला सशक्तिकरण केंद्र से विनिता गुप्ता जिला मिशन समन्वयक, लक्ष्मीकांत यादव जेंडर विशेषज्ञ, शिल्पी उपाध्याय वित्तीय साक्षरता समन्वयक, नारायण सोनी डीईओ, चंद्र प्रकाश पटेल जिला समन्वयक चाईल्ड लाईन, सखी से असंति साहू केंद्र प्रशासक, कविता डोरले काउंसलर, आईसीपीएस से सीता कन्नौजे, श्रद्धा एवं पैरामेडिकल स्टाफ पेरालिगल कार्मिक उपस्थित रहें।

# रक्षाबंधन पर सैनिकों को समर्पित 1925 राखियां : भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरिया जिला संघ की अभिनव पहल

लोकशक्ति
कोरिया,छत्तीसगढ़

राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ डॉ. सोमनाथ यादव के आहवान पर, राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के नेतृत्व में ÷एक राखी सैनिक भाई के नाम÷ अभियान पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है द्य

इसी कड़ी में चंदन संजय त्रिपाठी कलेक्टर पदेन संरक्षक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया एव जिला मुख्य आयुक्त मा. देवेंद्र तिवारी के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट कोरिया जितेंद्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार जिला संगठन आयुक्त स्काउट कोरिया नागेश्वर साहू एवं गाइड आशा एक्का के नेतृत्व में भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया द्वारा एक प्रेरणादायी पहल के अंतर्गत रक्षाबंधन पर्व पर देश के वीर सैनिकों को समर्पित विशेष अभियान चलाया गया । जिसमें राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार इस अभियान में जिले के दोनों विकासखंड–बैकुंठपुर एवं सोनहत–से लगभग 1000 राखियों को देश के सैनिकों तक भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था लेकिन गाइड बहनों ने उत्साह पूर्वक न सिर्फ लक्ष्य को प्राप्त किया बल्कि उससे भी अधिक 1925 नग राखी तैयार कर देश के सैनिकों को समर्पित किया है। इस अभियान में जिले के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत गाइड्स ने गाइड कैप्टन के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनई, कुडेली, बरदिया, कोरिया कॉलरी, चिताझोर पोंडी, कन्या बैकुंठपुर, नगर, सेजेस पटना, अकलासरई, सेजेस महलपारा , कन्या सोनहत, के गाइड्स बहनों द्वारा अपने हाथों से सुंदर राखियों का निर्माण किया गया, जिनमें देशभक्ति, प्रेम और सम्मान की भावनाएं समाहित हैं। साथ ही राखी के साथ एक भावनात्मक संदेश पत्र भी संलग्न किया गया है, जिससे हमारे सैनिक यह अनुभव कर सकें कि देश की बहनें उन्हें सदैव याद करती हैं और उनकी सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती हैं। इस रक्षाबंधन पर जब देश की बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधेंगी, तब कोरिया जिले की गाइड्स बहनें उन भाइयों को भी याद करेंगी जो सीमा पर तैनात रहकर पूरे देश की रक्षा कर रहे हैं।



## स्व. श्री आशाराम डहरिया शा. उ. मा. विद्यालय छछानपैरी में हिंदी साहित्य के अमर कथाकार प्रेमचंद की यादों को जीवंत किया




लोकशक्ति

**छछानपैरी-रायपुर।** प्रेमचंद जयंती के सुअवसर पर एक पेड़ मां के नाम थीम पर आधारित एक पुष्प पादप प्रेमचंद के नाम को स्व. श्री आशाराम डहरिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छछानपैरी में छात्र-छात्राओं ने सार्थक किया। संस्था के शिक्षक, प्रकृति प्रेमी डॉ. लूनेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने एक-एक पुष्प पादप प्रेमचंद के नाम रोपण कर हिंदी साहित्य के अमर कथाकार प्रेमचंद की यादों को जीवंत किया। इस अवसर पर संस्था में विविध कार्यक्रम जैसे- प्रेमचंद से संबंधित प्रेमचंद का हिंदी कथा साहित्य में योगदान को रेखांकित करने हेतु संगोष्ठी का आयोजन, कहानी वाचन, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार शर्मा, डॉ. लूनेश कुमार वर्मा, योगिता निषाद, स्वाती पाण्डेय, दीप्ति ताम्रकार, ललिता पाटले सहित सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति से कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के सूत्रधार, मार्गदर्शन व प्रेरणा स्त्रोत डॉ. लूनेश कुमार वर्मा व्याख्याता रहे।


छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में चित्रकोट जलप्रपात पर वर्षा के बाद इंद्रावती नदी उफान पर बह रही है।


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम पर नवीन जानकारी

**पीएमएनडीपी देश के सभी 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 751 जिलों में लागू किया गया है**

**पीएमएनडीपी के अंतर्गत कुल 1,704 डायलिसिस केंद्र कार्यरत हैं**

पीआईबी

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (पीएमएनडीपी) देश के सभी 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 751 जिलों में चलाया जा रहा है। 30 जून 2025 तक कुल 1,704 केंद्र कार्यरत हैं।

सरकार ने शुरुआत में सभी जिला अस्पतालों में और उसके बाद तालुका स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) तक आवश्यकता के अनुरूप स्तर पर हीमोडायलिसिस केंद्र स्थापित करने की सिफारिश की है। यह कार्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा डायलिसिस की मांग और अंतर आकलन के आधार पर किया जाता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं के माध्यम से राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा किए गए अंतर आकलन के आधार पर पीएमएनडीपी कार्यक्रम के तहत हीमोडायलिसिस और पेरिटोनियल डायलिसिस सेवाओं के कार्यान्वयन में प्रदेशों को सहायता प्रदान करता है। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों सहित अपनी पूरी आबादी के लिए डायलिसिस सेवाएं स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने आज लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

## वाइस एडमिरल सीआर प्रवीण नायर, एवीएसएम, एनएम, ने कार्मिक सेवा नियंत्रक के रूप में कार्यभार संभाला

पीआईबी

वाइस एडमिरल सीआर प्रवीण नायर, एवीएसएम, एनएम ने 31 जुलाई 2025 को कार्मिक सेवा नियंत्रक (सीपीएस) के रूप में पदभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने पर, फ्लैग ऑफिसर ने नई दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में श्रद्धांजलि अर्पित की।

वीएडीएम सीआर प्रवीण नायर को 01 जुलाई, 1991 को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया था। एक सर्फेस वॉरफेयर ऑफिसर के रूप में वह संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने तीन दशकों से अधिक के अपने प्रतिष्ठित नौसैनिक करियर में कई तरह की कमान, प्रचालनगत और स्टाफ नियुक्तियां की हैं। फ्लैग ऑफिसर के विशिष्ट कार्यकाल आईएनएस कृष्णा, कोरा और मैसूर पर रहे। उन्होंने फ्लीट इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर ऑफिसर और उसके बाद पश्चिमी बेड़े के फ्लीट कम्युनिकेशंस ऑफिसर के रूप में कार्य किया। फ्लीट कम्युनिकेशन ऑफिसर के रूप में, जुलाई 2006 में इजरायल-लेबनान युद्ध के दौरान बेरूत से भारतीय नागरिकों की गैर-संघर्षपूर्ण निकासी में उनकी भूमिका के लिए उन्हें नौसेनाध्यक्ष की प्रशंसा से सम्मानित किया गया था।



फ्लैग ऑफिसर ने मिसाइल कोर्वेट आईएनएस किर्च, गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस चेन्नई और विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य की कमान संभाली है। उनकी ऑफशोर नियुक्तियों में प्रतिष्ठित नेवल वॉर कॉलेज, गोवा में डायरेक्टिंग स्टाफ, सिग्नल स्कूल में ऑफिसर-इन-चार्ज और नौसेना मुख्यालय के कार्मिक निदेशालय में कमोडोर (कार्मिक) के पद शामिल हैं। वे तीन वर्षों से अधिक समय तक भारतीय नौसेना के प्रमुख थिंक टैंक, भारतीय नौसेना सामरिक एवं परिचालन परिषद (आईएनएसओसी) के सदस्य भी रहे हैं।

वे डीएसएससी, वेलिंगटन और यूएस नेवल वॉर कॉलेज, न्यूपोर्ट, अमेरिका के पूर्व छात्र हैं। यूएस नेवल वॉर कॉलेज में नौसेना कमान पाठ्यक्रम के दौरान, फ्लैग ऑफिसर को प्रतिष्ठित रॉबर्ट ई. बेटमैन अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, वाइस एडमिरल जेम्स एच. डॉयल, सैन्य संचालन और अंतर्राष्ट्रीय कानून पुरस्कार और अंतर्राष्ट्रीय नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। फ्लैग ऑफिसर ने मुंबई विश्वविद्यालय से रक्षा और सामरिक अध्ययन में एम.फिल. की उपाधि भी प्राप्त की है। उन्हें 26 जनवरी 2000 को कर्तव्यनिष्ठा के लिए नौसेना पदक और 26 जनवरी 2025 को अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था।

फ्लैग रैंक पर पदोन्नत होने पर, उन्हें नौसेना मुख्यालय में सहायक नौसेनाध्यक्ष (नीति एवं योजना) नियुक्त किया गया। समुद्री क्षमता परिप्रेक्ष्य योजना - एमसीपीपी 2022-37 और समुद्री अवसंरचना परिप्रेक्ष्य योजना - एमआईपीपी 2022-37 को एसीएनसी (पीएंडपी) के रूप में उनके कार्यकाल में प्रख्यापित किया गया। फ्लैग ऑफिसर ने 2023-24 में पश्चिमी बेड़े - भारतीय नौसेना की स्वॉर्ड आर्म - की कमान संभाली, जहां उन्होंने ऑपरेशन संकल्प का नेतृत्व किया। 31 जुलाई, 2025 को सीपीएस का पदभार ग्रहण करने से पहले वे भारतीय नौसेना अकादमी के कमांडेंट थे।

# इंडिया पोस्ट देश का प्रमुख सार्वजनिक लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म बनने के लिए प्रौद्योगिकी–संचालित परिवर्तन पर अग्रसर

**86,000 से अधिक डाकघर डिजिटल हुए; 4 अगस्त तक पूर्ण नेटवर्क स्थानान्तरण**

**सुबह, शाम और अवकाश सेवाओं के लिए 344 नए डिलीवरी केंद्र खोले गए**

पीआईबी

देश के सबसे स्थायी सार्वजनिक संस्थानों में से एक डाक विभाग के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में केंद्रीय संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर ने मेल परिचालन, पार्सल परिचालन और व्यवसाय रणनीति प्रभागों की उच्च स्तरीय समीक्षा की अध्यक्षता की।

यह रणनीतिक समीक्षा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय संचार मंत्री एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के कुशल नेतृत्व में सरकार के व्यापक सुधार एजेंडे का हिस्सा है। इस पहल का उद्देश्य भारतीय डाक को एक प्रौद्योगिकी-संचालित, नागरिक-केंद्रित लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स प्रदाता के रूप में पुनः स्थापित करना है।

डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि यह परिवर्तन केवल आधुनिकीकरण का प्रयास नहीं है, बल्कि तेज़ी से विकसित हो रही डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारतीय डाक की भूमिका की एक मौलिक पुनर्कल्पना है। उन्होंने कहा कि भारतीय डाक की बेजोड़ उपस्थिति को अब अत्याधुनिक डिजिटल क्षमताओं से सक्षम किया जाना चाहिए। यह परिवर्तन दूर-दराज़ के गांव से लेकर व्यस्ततम महानगरीय क्षेत्र तक, हर भारतीय के लिए पैमाने, गति और सेवा के बारे में है।



भारतीय डाक विभाग वर्तमान में आईटी 2.0 ढांचे के अंतर्गत एक व्यापक, प्रौद्योगिकी-संचालित परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। यह पहल रणनीतिक रूपरेखा का हिस्सा है जिसका उद्देश्य भारतीय डाक को लॉजिस्टिक्स उद्योग में, विशेष रूप से तेज़ी से बढ़ते ई-कॉमर्स पार्सल वितरण क्षेत्र में, एक मज़बूत प्रतियोगी के रूप में स्थापित करना है।

श्री पेम्मासानी को वास्तविक समय पर ट्रैक और ट्रेस क्षमताओं, थोक ग्राहकों के लिए अनुकूलित सेवाओं, डिलीवरी का इलेक्ट्रॉनिक प्रमाण, ओटीपी-आधारित प्रमाणीकरण, डिजिटल भुगतान और एपीआई एकीकरण को शुरू करने के लिए डिज़ाइन किए गए उन्नयन के बारे में जानकारी दी गई।

डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि इन सुधारों से भारतीय डाक को अग्रणी बाज़ार में निर्बाध, संपूर्ण लॉजिस्टिक्स सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने तकनीक-सक्षम सेवाओं का लाभ उठाकर नए युग की मांगों को पूरा करने के लिए देश की सबसे पुरानी डिलीवरी सेवा को नए सिरे से तैयार करने का भी आह्वान किया। अधिकारियों ने मंत्री महोदय को बताया कि वर्तमान में 86,000 से ज़्यादा डाकघर इस नए एप्लिकेशन का उपयोग कर रहे हैं। 4 अगस्त, 2025 तक लगभग 1,65,000 डाकघरों का पूरा नेटवर्क इस नए प्लेटफ़ॉर्म पर स्थानांतरित हो जाएगा। विभाग ने उद्योग के अनुरूप सभी श्रेणियों के डाक और पार्सल के लिए समर्पित वितरण केंद्र स्थापित करके केंद्रीकृत वितरण शुरू किया है, जो मौजूदा डाकघरों के सेवा क्षेत्रों को एकीकृत करते हैं। ये वितरण केंद्र विभाग को रविवार और छुट्टियों के दिनों में, साथ ही सुबह और शाम के वितरण विकल्पों सहित लचीली वितरण सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम बनाएंगे। पहले चरण के दौरान देश भर में कुल 344 वितरण केंद्र शुरू किए गए हैं।

इस बदलाव का एक प्रमुख स्तंभ भारतीय डाक की प्रणालियों का प्रमुख राष्ट्रीय डिजिटल कॉमर्स इकोसिस्टम प्रणालियों के साथ एकीकृत है। अधिकारियों के अनुसार, ओपन नेटवर्क फ ॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) वॉलेट-आधारित प्रीपेड बुकिंग, केंद्रीकृत ऑर्डर ट्रैकिंग और ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स की लेखा प्रणालियों के साथ स्वचालित मिलान को सक्षम करेगा।

उन्होंने कहा कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के साथ अपने सहयोग के माध्यम से, इंडिया पोस्ट भुगतान ट्रैकिंग और कैश-ऑन-डिलीवरी (सीओडी) निपटान के लिए एपीआई-संचालित स्वचालित मूल्य निर्धारण और केंद्रीकृत डैशबोर्ड प्रदान करेगा।

प्रत्येक माह की 1 तारीख को दिया जाता हैं उत्कृष्ट पुलिस कर्मी पुरुस्कार

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 पुलिस कर्मियों को एसपी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**जांजगीर चांपा /** प्रत्येक माह को दी जाने वाली उत्कृष्ट पुलिस कर्मी पुरस्कार में इस बार पंद्रह पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा नवाजा गया है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र के साथ साथ उनकी सेवा पुस्तिका में प्रशंसा भी अंकित की गई । उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों का नाम व कार्य मे निरीक्षक लालन पटेल यातायात द्वारा यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लोगों को जागरुकता कर उल्लेखनीय कार्य , उप निरीक्षक मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़ एवं एएसआई संतोष बंजारे द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत अलग अलग जगहों से कुल 11 अपहृत/गुम नाबालिक को सुरक्षार्थ दस्तयाब करने , उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार साहू थाना अकलतरा द्वारा चोरी के प्रकरण में आरोपी को पकड़कर त्वरित गिरफ्तार करने , प्रधान आरक्षक रेमन सिंह थाना सारागांव द्वारा अपहृता नाबालिक बालिका को हैदराबाद से सकुशल बरामद कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करने , प्रधान आरक्षक राजकुमार कुमार चंद्रा थाना जांजगीर द्वारा मंदिर की दान पेटी के चोरी के मामले में आरोपियों को पकड़ने में सराहनी योगदान , प्रधान आरक्षक अनुराग सिंह यातायात द्वारा यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम में सराहनीय योगदान , महिला प्रधान आरक्षक बालमती यादव थाना मुलमुला एवं महिला प्रधान आरक्षक स्वाति गिरोलकर थाना नवागढ़ दोनो के द्वारा अपहृत एवं गुम बालिका को बरामद करने में सराहनीय योगदान ,आरक्षक जयप्रकाश एवं गौकरण राय थाना अकलतरा दोनो के द्वारा चोरी के प्रकरण के आरोपियों को पकड़ने में योगदान , आरक्षक सुरेश रत्नाकर एवं अजय भानु थाना जांजगीर दोनो के द्वारा सक्रियता से रात्रि गस्त करने से चोर के मोटर सायकल को पकड़ना जिससे आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिलना , आरक्षक दीपक तिवारी थाना बिर्रा द्वारा दो अपहृत नाबालिक बालिका को रायपुर से सकुशल बरामद कराने में सराहनीय योगदान ,आरक्षक लखेश विश्वकर्मा थाना पामगढ़ द्वारा थाने का रिकॉर्ड संधारण करना शामिल है। प्रशस्ति पत्र वितरण दौरान डीएसपी अजाक जितेंद्र खूंटे, सीएसपी श्रीमती कविता ठाकुर, चांपा यदुमणि सिदार, डीएसपी (मुख्यालय) जांजगीर विजय पैकरा, एसडीओपी प्रदीप कुमार सोरी एवं रीडर 1 , एएसआई अश्वनी राठौर उपस्थित रहे।

## जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत शासी परिषद की बैठक आयोजित




जांजगीर- चांपा/

कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत शासी परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस अवसर पर जांजगीर-चांपा विधायक श्री ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक श्री राघवेंद्र कुमार सिंह, पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश, जैजैपुर विधायक श्री बालेश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्रीमती सत्यलता आनंद मिरि, पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर सहित शासी परिषद के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## निधन – संत कुमार बंजारे



जांजगीर चांपा। ग्राम बम्हनीन निवासी, बाल्को के सेवानिवृत कर्मचारी संत कुमार बंजारे की 68 वर्ष की उम्र में 29 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया।श्री बंजारे पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश की ज्येष्ठ भ्राता थे। पांच भाई और दो बहनों में सबसे बड़े भैया थे।वे अपने पीछे भरपूरा परिवार छोड़ गए।उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बम्हनीन में हुआ।

## श्री महंत वैष्णव दास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय होगा नाम विद्यालय का

लोकशक्ति जांजगीर चांपा /

**ग्राम छड़िया के पंचायत एवं ग्राम सभा ने प्रस्ताव पारित कर श्री स्वामी बालाजी न्यास श्री दूधाधारी मठ रायपुर के पास रखा मांग पत्र**



पलारी के समीप स्थित श्री बालाजी स्वामी न्यास श्री दूधाधारी मठ रायपुर के ग्राम छड़िया के पंचायत एवं ग्राम सभा ने प्रस्ताव पारित करके न्यास को मांग पत्र प्रस्तुत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने ग्राम छड़िया में डीह तालाब के पास न्यास के आधिपत्य की जमीन खसरा नंबर 230 रकबा 1.3230 हेक्टर को गांव में विद्यालय निर्माण के लिए भूमि नहीं होने के कारण न्यास से श्री महंत वैष्णव दास जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नाम से विद्यालय निर्माण हेतु मांग पत्र प्रस्तुत किया है।

उन्होंने मांग पत्र में यह उल्लेखित किया है कि शासन के द्वारा विद्यालय भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की जा चुकी है किंतु गांव में शासकीय भूमि के अभाव के कारण विद्यालय निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। ऊपर उल्लिखित किया जा चुका है कि यह गांव श्री दूधाधारी मठ रायपुर का गांव है मठ मंदिर प्रशासन के द्वारा सार्वजनिक हित के लिए अनेक कार्य किए जाते हैं इसे ध्यान में रखकर ट्रस्ट कमेटी ने इसके स्वीकृति हेतु अपनी सहमति पत्र न्यास के सर्वराकार राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज के समक्ष प्रस्तुत किया है, इससे ग्राम वासियों में प्रसन्नता व्याप्त है। इस विद्यालय के निर्माण हो जाने से न केवल छड़िया वासियों को बल्कि आसपास के गांव के निवासियों को भी शिक्षा सुलभ हो जाएगी,मांग पत्र प्रस्तुत करने वालों में ग्राम के सरपंच, पंच एवं प्रतिष्ठित नागरिक गण सम्मिलित हुए।




## 01 से 07 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह का किया जा रहा आयोजन

**जांजगीर-चांपा /** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर 01 से 07 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह का आयोजन जिले के समस्त परियोजना के आगनबाडी केंद्रो में आयोजित किया जा रहा है। जिला कार्यकम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य शिशुओं को कुपोषण से बचाना और उनके मानसिक शारीरिक विकास को बढ़ावा देना है। विश्व स्तनपान दिवस थीम ''स्तनपान को प्राथमिकता दे स्थायी सहायता प्रणालियां बनाएं'' है। थीम अनुसार शिशु वती माताओं को स्तनपान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं को बताया गया कि स्तनपान बच्चों को स्वथ्य रखने का सबसे अच्छा तरीका है यह शिशुओं को पोषण और रोगो से लड़ने से की ताकत देता जिससे दस्त और एनिमिया जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही यह की हमारे दैनिक व्यस्त जीवन में बहुत सी शिशुवती माताएं कामकाजी होने के कारण अपने लिए सही समय पर सही पोषण नहीं ले पाती है। जिस कारण पर्याप्त पोषण के अभाव में कम दुध का बनता है जो कि जच्चा-बच्चा दोनों के लिए समस्या होती है। स्तनपान से शिशुवती माताओं को स्तन कैंसर, मधुमेय का खतरा को कम करता है तथा 06 माह तक सतत् एवं उसके उपरांत 02 वर्ष होने तक उपरी पोषण आहार के साथ तक अनिवार्य रूप से स्तनपान कराने की जानकारी दी गई। इस दौरान सभी परियोजना अंतर्गत विविध कार्यक्रम किए गए। साथ ही स्तनपान सप्ताह जागरूकता रैली निकाली गई।

## भगवान श्री बांके बिहारी और एवं श्री राधा रानी का झूलन उत्सव....... पंच दिवसीय धार्मिक आस्था से परिपूर्ण आयोजन अग्रसेन भवन नैला में ......

**जांजगीर चांपा /**




भगवान श्री बांके बिहारी और श्री राधा रानी का श्री झूलन उत्सव अग्रसेन भवन नैला में 3 अगस्त से 7 अगस्त 25 तक बसईवाल परिवार द्वारा आयोजित है द्य इस अवसर पर प्रातः 7:00 बजे से स्त्रोत पाठ ,प्रातः 8:30 बजे से श्रीलालजी सरकार की आरती ,प्रातः 10:00 बजे से प्रवचन श्री 1008 श्री स्वामी रामकृष्णाचार्य जी के द्वारा प्रतिदिन आयोजित है ।

वैसे भी श्रावण मास शुरू होते ही देवस्थान और मंदिरों में धूमधाम से झूला उत्सव की तैयारियां शुरू हो जाती हैं, ऐसी ही एक दिव्य आयोजन श्रीमन्नरायण के आशिर्वाद तथा श्री-श्री 1008 श्री युवराज स्वामी रामकृष्णाचार्य जी महाराज ( इटारसी) के सानिध्य में भगवान श्रीकृष्ण-राधा के झूलनोत्सव महोत्सव का आयोजन दिनांक 03 अगस्त से दिनांक 07 अगस्त, 2025 से किया जा रहा हैं । बसईवाल परिवार के द्वारा आयोजित कार्यक्रम अग्रसेन भवन नैला में होगा। कार्यक्रम के संयोजक दासानुदास कैलास बसईवाल,दासानुदास पवन अग्रवाल ( स्वदेश ज्योति ब्यूरो चीफ ) दासानुदास अंकित बसईवाल ,दासानुदास देवेश बसईवाल, दासानुदास कमल बसईवाल दासानुदास आनंद अग्रवाल तथा परिवार ने ईश्वर के झूलनोत्सव में श्रद्धालु भक्तों को सादर आमंत्रित किया हैं। झूलनोत्सव एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक ,धार्मिक आयोजन हैं, जिसमें केवल अग्रवाल समाज के लोग ही शामिल नहीं बल्कि अन्यान्य लोग एकत्रित होकर भगवान की पूजा-आराधना और उत्सव मनाते हैं। स्वामी रामकृष्णाचार्य जी का आगमन 2 अगस्त 25 को प्रातः 6:00 बजे होगा ।

## प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 3 अगस्त को जिले के 19 परीक्षा केन्द्रों में 6423 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा /** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 3 अगस्त 2025 रविवार को आयोजित की गई है। यह परीक्षा सुबह पाली में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक संपन्न होगी। जिले में परीक्षा के लिए कुल 19 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 6423 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और नकल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं।

कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने परीक्षा की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन और अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक कक्ष में घड़ी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा की सुचारु और पारदर्शी तरीके से सम्पन्नता के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री शशि कुमार चौधरी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# चार माह से फरार चल रहे चार आरोपियों को अकलतरा पुलिस ने पकड़ा



**जांजगीर चांपा /** चार माह से फरार चल रहे चार आरोपियों को अकलतरा पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपीयों में प्रेम चंद्रमा ओग्रे उम्र 22 वर्ष निवासी बम्हनीन , शिवा ओग्रे उम्र 21 वर्ष निवासी बम्हनीन , करण ओग्रे उम्र 25 वर्ष निवासी बम्हनीन ,व्यंकटेश उम्र 25 वर्ष निवासी बम्हनीन थाना अकलतरा शामिल है । मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 14.मार्च 2025 को करीबन दोपहर 1.30 बजे मंदिर चौक बम्हनीन में गांव के लोग डीजे बाजा बजाकर नाच रहे थे , जहां पर आरोपियों द्वारा कपड़ा फाड़ देने की मामूली बातों को लेकर अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चोट पहुंचाया गया।प्रार्थी सेम भारती निवासी बम्हनीन थाना अकलतरा की सूचना रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 88/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों द्वारा घटना घटित कर फरार होने से पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में लगातार पातासाजी की जा रही थी। विवेचना क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में आरोपियों को मुखबिर सूचना के आधार से पकड़ा जिसको हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपना अपना जुर्म स्वीकार करने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है।

उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक भास्कर शर्मा, प्र.आर. शरीफुद्दीन, राकेश चतुर्थी, आरक्षक रामभरोस कश्यप, गौकरण राय कृष्णा पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

# सट्टा खेलाने वाला आरोपी को किया गिरफ्तार अकलतरा पुलिस की कार्यवाही




**जांजगीर चांपा /** सट्टा खेलाने के आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय के निर्देशन में जिले में जुआ सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में थाना अकलतरा क्षेत्र ग्राम बम्हनीन में सट्टा खेलाने वाला आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया जिसमे मुखबिर की सूचना पर आरोपी महेन्द्र भारद्वाज द्वारा सट्टा खेलाते मिला । उसके कब्जे से एक हरे रंग का पेन, लाईनदार कागज जिसमें अंको के माध्यम से 5000 रूपए का सट्टा पट्टी लिखा हुआ बरामद कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 351/25 धारा 06 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि.2022 का घटित करना सबूत पाए जाने से विधिवत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक भास्कर शर्मा, प्र.आर. शरीफुद्दीन, आरक्षक गौकरण, राजारात्रे का सराहनीय योगदान रहा।

# जेम पोर्टल के संबंध में कार्यशाला सम्पन्न



जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चांपा / कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा भंडार क्रय नियम 2002 के अंतर्गत शासकीय विभागों में क्रय की जाने वाली सामग्रियों के संबंध में जेम पोर्टल के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक श्री जेवियर टोप्पो ने कार्यशाला में उपस्थित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी का कार्यशाला के जेम पोर्टल के संबंध में जानकारी दी। कार्याशाला में वरिष्ठ सहायक निदेशक जेम श्री अमित उपाध्याय द्वारा जेम पोर्टल के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जेम पोर्टल से खरीदी, रिवर्स बीडिंग, जीएफआर एवं भंडार क्रय नियम के बारे में बताया। कार्यशाला में प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री विजय कारे सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## विधायक राघवेंद्र सिंह ने कमिश्नर से की मुलाकात

**जांजगीर चांपा /** आज बिलासपुर संभाग के कमिश्नर सुनील कुमार जैन से अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने अनेक मुद्दों पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा द्य इस दौरान उन्होंने जांजगीर-चाम्पा जिले मैं युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया मैं हुए अनियमितता, नियम विरुद्ध स्कूलों के समायोजन , जिले मैं पद रिक्त होने के बावजूद शिक्षकों को जिले से बाहर किए गए स्थानांतरण व महिला सहायक शिक्षकों की किए गए स्थानांतरण को लेकर अवगत कराया। आज की चर्चा सकारात्मक रही है जिससे उम्मीद हैं कि जल्द ही सकारात्मक परिणाम आएगा।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

रायपुर संवाददाता



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार की शाम केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके आधिकारिक निवास पर मुलाक़ात की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण, सड़क परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की अधोसंरचना योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने  गडकरी को राज्य में चल रही प्रमुख सड़क परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि राज्य के दूरस्थ और वनवासी क्षेत्रों को मुख्य सड़कों से जोड़ने का प्रयास तेज़ी से किया जा रहा है, ताकि वहां के लोगों को भी बेहतर कनेक्टिविटी और आर्थिक अवसर मिल सकें।

## एक पेड़ माँ के नाम 2.0 तथा हरियर पाठशाला कार्यक्रम के तहत शासकीय स्कूल गोगांव में 500 पौधों का रोपण

**रायपुर,** शासन की पर्यावरणीय पहल एक पेड़ माँ के नाम 2.0 और हरियर पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोगांव में 500 पौधों का वृहद एवं भव्य पौधारोपण किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप संचालित इस अभियान का नेतृत्व कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह द्वारा किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह आयोजन एक सशक्त कदम है। विद्यालय परिसर को हरियाली से आच्छादित करने के इस पुनीत कार्य में विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों, ग्राम प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर को पर्यावरणीय उत्सव का रूप दिया गया, जिसमें सभी ने



मिलकर एक पेड़ लगाना है, धरती को स्वर्ग बनाना है जैसे प्रेरणादायक नारों के साथ उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की इसमें सक्रिय सहभागिता रही।  यह आयोजन न केवल पौधारोपण तक सीमित रहा, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ने, हरियाली को बढ़ावा देने और भावी पीढ़ियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जाग्रत करने का एक जीवंत उदाहरण बन गया।

# अब तक किसानों को 10.91 लाख मीटरिक टन खाद वितरित

### प्रदेश में रासायनिक खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध*

### 14.62 लाख मीटरिक टन लक्ष्य के विरूद्ध 14.47 लाख मीटरिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण*



**रायपुर,** छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को रासायनिक उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रदेश में 14.62 लाख मीटरिक टन लक्ष्य के विरूद्ध 14.47 लाख मीटरिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण किया गया और किसानों को अब तक 10.91 लाख मीटरिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है।

राज्य में डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) के व्यवहारिक विकल्प के रूप में नैनो डीएपी की बड़ी संख्या में भंडारण एवं वितरण की व्यवस्था की गई है। राज्य में एनपीके और एसएसपी उर्वरकों के भंडारण और वितरण का लक्ष्य बढ़ाया गया है। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को ठोस डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी अथवा एनपीके और सिंगल सुपर फास्फेट खाद की अनुपातिक मात्रा का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। राज्य सरकार प्रदेश के किसानों को खेती-किसानी की सहूलियत प्रदान करने तथा साहूकारों से चगुंल से बचाने अल्पकालीन कृषि ॠण प्रदान करता है। राज्य में चालू खरीफ सीजन में किसानों को 5661 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ॠण वितरण किया जा चुका है। यह लक्ष्य का 72 प्रतिशत है। ब्याज मुक्त ॠण वितरण से 12 लाख 76 हजार किसान लाभान्वित हुए है। इस वर्ष किसानों को 7300 करोड़ रूपए अल्प कृषि ॠण वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खरीफसीजन 2025 में राज्य में 14 लाख 62 हजार मे.टन. उर्वरक का आबंटन (लक्ष्य) प्रदान किया गया है। इनमें यूरिया का लक्ष्य 7 लाख 12 हजार मीटरिक टन, डी.ए.पी. का 3 लाख 10 हजार मीटरिक टन, एन.पी.के. का 1 लाख 80 हजार मीटरिक टन, पोटाश का 60 हजार मीटरिक टन तथा सुपर फास्फेट का 2 लाख मीटरिक टन खाद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

28 जुलाई 2025 की स्थिति में राज्य में यूरिया 6 लाख 50 हजार 941 मीटरिक टन, डी.ए.पी. 2 लाख 48 मीटरिक टन, एन.पी.के. 2 लाख 31 हजार 890 मीटरिक टन खाद का भण्डारण किया जा चुका है। इसी प्रकार पोटाश 77 हजार 976 मीटरिक टन एवं सुपर फास्फेट 2 लाख 85 हजार 684 मीटरिक टन, इस प्रकार कुल 14 लाख 46 हजार 539 मीटरिक टन का भंडारण कर लिया गया है। भंडारण के विरूद्ध अब तक किसानों को 10 लाख 91 हजार 545 मीटरिक टन रसायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है।

### *मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 88.73 प्रतिशत रासायनिक खाद वितरित*

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में अब तक 88.73 प्रतिशत रासायनिक खाद का वितरण किया गया है। खरीफ सीजन 2025 के लिए जिले में किसानों को समय पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा व्यापक कार्य योजना बनाई गई है। जिसके तहत उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। साथ ही गुणवत्ता परीक्षण हेतु निर्धारित मानकों के अनुसार नमूने भी एकत्र कर प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

जिले में गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 10 प्रतिशत अधिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए उर्वरकों का भंडारण एवं वितरण किया जा रहा है। सहकारी क्षेत्र में कुल भंडारित 15,341.270 मेट्रिक टन उर्वरकों में से 13,612.473 मेट्रिक टन अर्थात 88.73 प्रतिशत उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में समितियों में 1,728.80 मेट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध हैं। वहीं निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से अग्रणी किसानों को 1,944.015 मेट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया गया है।

मोहला जिले के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सहकारी विपणन संघ के डबल लॉक गोदाम में 491.08 मेट्रिक टन यूरिया, डीएपी एवं सुपर फॉस्फेट जैसे उर्वरक उपलब्ध हैं, जिन्हें समितियों की मांग के अनुरूप वितरित किया जा रहा है। इस वर्ष पहली बार नैनो टेक्नोलॉजी आधारित यूरिया एवं डीएपी उर्वरकों का भी पर्याप्त भंडारण किया गया है। नैनो उर्वरकों के उपयोग से किसानों को परिवहन लागत में कमी, कृषि लागत में बचत एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे लाभ मिल रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार नैनो उर्वरक भी पारंपरिक उर्वरकों के समान ही उत्पादन देने में सक्षम हैं।

## (रायपुर) ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर महिला से 5 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर, ऑनलाइन ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर युवक से 5 लाख 20 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया जयश्री वर्मा 31 वर्ष शिवनगर भनपुरी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि इंस्टाग्राम में वर्कफ्रॉम होम का विज्ञापन देखकर उसमें दिए हुए मोबाइल नंबर से संपर्क किया। जिससे मोबाइल क्रमांक धारक 97016-287225, 970137-69437 के धारक ने प्रार्थिया को ऑनलाइन ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 5 लाख 20 हजार रुपए अपने खाता में जमा करवा लिया। जब प्रार्थिया को ठगे जाने का एहसास हुआ, तो उसने इसकी शिकायत खमतराई थाना में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## यात्री के जेब से 25 हजार पार

रायपुर, ऑटो चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक यात्री के जेब से 25 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भुनेश्वर साहू 52 वर्ष ग्राम अवरी थाना कुरूद धमतरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह ऑटो में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी पुजारी पार्क के पास ऑटो चालक ने ऑटो खराब हो गया कह कर प्रार्थी को उतार दिया और वहां से भाग निकला। जब प्रार्थी ने अपने जेब चेक किए तो उसमें 25 हजार रुपए नहीं था। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा में अतिथि व्याख्याता के लिए आवेदन 4 अगस्त तक आमंत्रित

**सुकमा,** । छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय निर्देशों के परिपालन में अंतिम तिथि में संशोधित करते हुए अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के अंतर्गत अर्हताधारी आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन 04 अगस्त 2025 को सायं 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) अभ्यर्थियों से आमंत्रित किये गये है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। अतिथि व्याख्याता नीति-2024 का विस्तृत जानकारी शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा के सूचना पटल पर एवं कालेज की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

## सूने मकान से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर,**। पुरानी बस्ती नेवरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 12 हजार सहित, 1 गैस सिलेण्डर, 2 नग मोबाइल और दस्तावेज पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी खिलेश देवांगन 27 वर्ष पुरानी बस्ती नेवरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे 2 नग मोबाइल, नकदी 12 हजार रुपए, 1 गैस सिलेण्डर और दस्तावेज पार कर दिया।




**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)